हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26 .6 डिग्री
न्यूनतम 7 .4 डिग्री

11 मन के भाव का सरलतम उदगार है मातृ भाषा : दिलजीत



12 हिंदी कविता में रेखा और हरियाणवी कविता में ...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक

## बिजली कट

- सुबह 10 से शाम 5 बजे तक

बरसी नगर, सुंदरपुर रोड, जेआर किसान कॉलेज के पास का एरिया, गैस गोदाम के पास, चिन्योट कॉलोनी, मिगलानी पार्क के पास का क्षेत्र, शंभू पार्क के पास

- सुबह 10 से 1 बजे तक

करतारपुरा, भिवानी रोड फ्लाई ओवर के नीचे, अंबेडकर नगर, नंद कॉलोनी, वर्मा टायर के आस पास, अमूल आइस क्रीम गली, डेयरी मोहल्ला, राजीव विहार, कच्चा चमारिया रोड, खोखरा कोट, राजीव कॉलोनी, राजीव बिहार, पटाका फैक्ट्री रोड, जींद गोहाना आउटर बाई पास रोड, पाडा मौहल्ला, साहसी चौक, नजदीक माता दरवाजा, जुलाहा चौक, पटवार खाना, सुखपूरा चौक

## खबर संक्षेप

### चिकित्सा जांच शिविर 23 को

**रोहतक।** वैद्य केसरदास सेवा समिति द्वारा लेबर चौक पर निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन 23 फरवरी को लगाया जाएगा, जिसमें एचबी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड यूरिया टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे। कैंप का समय सुबह 10 बजे से 1 बजे तक रहेगा। समिति के संचालक राजेश सिंधवानी ने बताया कि इस दौरान सामान्य अस्पताल की ओर से 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जायेंगे।

### दो युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने दो युवकों को अवैध हथियारों सहित काबू किया गया है। युवकों से एक-एक देसी पिस्तौल व 8 रौंद बरामद हुए है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी प्रभारी अनेश कुमार ने बताया कि गांव बालंद चौक के पास से दो युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान मनप्रीत उर्फ नोबिता निवासी कमला नगर व हिमांशु उर्फ फुल निवासी राजेन्द्रा कॉलोनी भिवानी चुंगी रोहतक के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर दोनों के पास से एक-एक पिस्तौल व 4-4 रौंद बरामद हुए है।



### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-1 की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विक्रांत उर्फ भोला रामजीलाल उर्फ पप्पु निवासी दरवाजा मोहल्ला रोहतक के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

---

**निगम चुनाव : आज प्रत्याशियों और अधिकारियों की बैठक**

# सभी तरह की अनुमति के लिए सिंगल विंडो स्थापित

- रैली के लिए 5 स्थान पुरानी आईटीआई का मैदान, पुराना बस स्टैंड मैदान, पालिका कॉलोनी पार्क फ्लाईओवर के नीचे, पुराना चीनी मिल मैदान एवं छोटूराम स्टेडियम का मैदान निर्धारित किए गए







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मेयर व पार्षद चुनाव के लिए सभी तरह की अनुमति के लिए नगर निगम कार्यालय के भूमितल पर टैक्स शाखा में सिंगल विंडो स्थापित कर दी गई है। इसके अलावा 22 फरवरी को आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के संबंध बारे संबंधित अधिकारियों और प्रत्याशियों की सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक होगी। जिसमें आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के संबंध में चर्चा होगी। नगर निगम आम चुनाव की निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत ने बताया कि नगर निगम द्वारा विज्ञापन नीति-2022 के तहत 25 स्थान यूनिपोल आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा 15 बस क्यू संेटर निर्धारित किये गये हैं। वहीं रैली के लिए 5 स्थान निश्चित किये गये हैं, जिसमें पुरानी आईटीआई का मैदान, पुराना बस स्टैंड मैदान, पालिका कॉलोनी पार्क फ्लाईओवर के नीचे, पुराना चीनी मिल मैदान एवं छोटूराम स्टेडियम का मैदान शामिल हैं।

### मदवि में दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण प्रबंधन अधिकारी मुकुन्द तंवर ने मदवि स्थित टैगोर सभागार में चुनाव अधिकारियों को मतदान से संबंधित प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के दौरान चुनाव तहसीलदार सरला, ईवीएम के मास्टर ट्रेनर सुशील शर्मा भी उपस्थित रहे।

### चुनाव संहिता के बारे में अवगत करवाया

नगर निगम आम चुनाव की निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत ने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों एवं चुनाव अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार आदर्श आचार चुनाव संहिता के बारे अवगत करवाया। उन्होंने में बताया कि आदर्श आचार संहिता से संबंधित सभी शिकायत, बैनर, पोस्टर आदि हटवाने के लिए संयुक्त आयुक्त, नगर निगम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव पर नजर रखने के लिए 2 टीमों को बतौर पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है (जिसमें एक सामान्य पर्यवेक्षक राज नारायण कौशिक, आईएएस एवं एक खर्च संबंधित राम नैन, डीईटीसी) तथा अन्य अधिकारियों को भी चुनाव को सूचारू रूप से चलाने के लिए नामित किया गया है।

### दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर

मतदान के दौरान दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर प्रदान की जाएगी ताकि दिव्यांग मतदाता अपने मत से वंचित न रहें और सुविधापूर्वक अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने चुनाव प्रत्याशियों से अपील की है कि वे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना करें एवं सद्भावना बनाए रखें। चुनाव पर्व को सफल बनाने लिए मतदाताओं से भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई है। **-मेजर गायत्री अहलावत, निर्वाचन अधिकारी।**

---

**नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने अभियान चलाने के दिए थे निर्देश**

# 54 बेसहारा पशुओं को पकड़कर पहरावर गोशाला में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़वाने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा फरवरी महीने में अभी तक 54 से अधिक पशु निगम क्षेत्र से पकड़वाये जा चुके हैं। शुक्रवार को भी 5 पशुओं को पकड़वाकर नगर निगम की पहरावर गोशाला में छुड़वाया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्य निरंतर किया जायेगा ताकि रोहतक को आवारा पशु मुक्त बनाया जा सके व आमजन को असुविधा न हो।



रोहतक। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी बैठक लेतीं हुईं।

### पशुओं की टैगिंग करवाएं

वहीं शुक्रवार को संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने बैठक कर पशुओं को शहर से पकड़ने व नगर निगम की गौशाला में छोड़ने के कार्य की समीक्षा की, बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियो व एजंसियों के पदाधिकारियो को निर्देश दिए कि वे पशु पकड़ने व गौशाला में छोड़ने का पूर्ण रिकार्ड तैयार करने के साथ-साथ पशुओ की टैगिंग भी करवाएं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने पालतु पशुओं को खुले में न छोड़े क्योंकि इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है व आमजन को भी असुविधा होती हैं। पशुओं को खुले में छोड़ने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी तथा पशुओं को पकड़वाकर नगर निगम की गौशाला में छोड़ा जायेगा। बैठक में उपनिदेशक पशुपालन विभाग से डॉ. सूर्या व नगर निगम से नगर अभियंता सत्यव्रत, मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, सहायक सफाई निरीक्षक परमजीत व सुमित फौगाट आदि उपस्थित रहे।

---

**अब टैक्स वसूलने के लिए शहर में पहुंची नपा की टीम**

# टैक्स नहीं जमा करवाने वालों की प्रॉपर्टी होगी सील, कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

नगर पालिका महम में प्रोपर्टी टैक्स न जमा करवाने पर डिफाल्टर भू स्वामियों पर नगर पालिका अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, पालिका अभियंता अशोक कुमार हुड्डा, टैक्स क्लर्क तीर्थ राम, आशीष सूरज और संजय उन लोगों की प्रोपर्टी सील करने के लिए फिल्ड में उतरे, जिन लोगों ने लंबे समय से अपनी प्रोपर्टी का टैक्स नहीं भर रखा। प्रोपर्टी सील करने शहर में पहुंची टीम को देखकर डिफाल्टर भू मालिकों में हड़कंप मच गया। प्रोपर्टी सील होने की कार्रवाही होता देख आनन फानन में कई प्रोपर्टी मालिकों ने अपना टैक्स जमा करवा दिया। जबकि कई इस संबंध में बहस करते हुए दिखाई दिए। कुछ प्रोपर्टी मालिकों ने नपा अधिकारियों के सामने हाथ जोड़ लिए और टैक्स जमा करवाने का वादा कर समय मांगा है। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि शुक्रवार 21 फरवरी को 1 लाख 78 हजार 682 रुपए की रिकवरी हुई है। नपा सचिव ने कहा है कि डिफाल्टर उपभोक्ता अपना टैक्स जमा करवा दें।



**महम।** प्रोपर्टी टैक्स वसूली के लिए शहर में पहुंची नगर पालिका की टीम।

---

**मदवि में राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस शिविर का चौथा दिन**

# सामाजिक कार्यकर्ता प्रवेश और पूनम ने मानवीय मूल्यों पर व्याख्यान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस यूनिट द्वारा जिला रेड क्रॉस सोसायटी रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के सीडीओइ कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ रेड क्रॉस शिविर के चौथे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यूथ रेड क्रॉस की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो अंजू धीमान ने बताया की सुबह के सत्र में शुक्रवार को जिला से सामाजिक कार्यकर्ता प्रवेश आर्य और पूनम आर्य के द्वारा मानवीय मूल्यों पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि हम बेटियां हैं और हमें बेटियों के लिए कार्य करना चाहिए किसी के तहत हमने 2001 की जनगणना के आंकड़ों को देखते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की चिंगारी उत्पन्न की थी जिसे बाद में सरकार ने विस्तृत रूप दिया। स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ से ब्लड बैंक का कार्यभार संभालने वाले व कैंप डायरेक्टर रोहित शर्मा ने पूरे हरियाणा व हरियाणा से बाहर होने वाली यूथ रेडक्रॉस की गतिविधियों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि विभिन्न सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी, बेरोजगारी,आतंकवाद,नशा मुक्ति, टीवी उन्मूलन व ब्लड डोनेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वोलंटीयरिज्म के बारे में समझाया। रेड क्रॉस एक विश्व व्यापी संस्था है और मानवता की भलाई के लिए निस्वार्थ सेवा करने वाली एक अकेली संस्था है जिसे कर नोबेल पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।





---



महम। मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान महम के प्रिंसिपल और उनके साथ मौजूद प्राध्यापक।

### महम: कैंपस ड्राइव में 72 पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों को मिला रोजगार

**महम।** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान महम में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड गुरुग्राम कम्पनी द्वारा 72 विद्यार्थियों का चयन किया गया। राजकीय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी सरकारी पॉलिटेक्निक महम में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान लोहारू, हिसार, खानपुर कलां, सीआर पॉलिटेक्निक रोहतक तथा महम से लगभग 120 मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक जोगिंदर बुधिराजा तथा वरिष्ठ प्रबंधक संजय यादव ने विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, संचार कौशल और व्यावसायिक दक्षता का मूल्यांकन करते हुए उनका साक्षात्कार लिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने संस्थान के छात्रों के तकनीकी ज्ञान व आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के प्राचार्य दिनेश कुमार सिंधु ने कम्पनी प्रतिनिधियों को संस्थान की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

**एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश**

# मंडियों में खरीद सीजन से पहले करें सभी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मंडी में आने वाले किसानों की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदें

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गेहूं, सरसों व अन्य फसलों की खरीद के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करें। जिला में खरीद सीजन शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मंडियों में साफ -सफाई व शौचालय की व्यवस्था, किसानों के लिए पेयजल की व्यवस्था करें। खरीद ऐजन्सियो द्वारा बारदाना व लकडी की चौखटे व अन्य स्टाक आर्टिकल की व्यवस्था भी करवाएं। उन्होंने नमी मापक यंत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने खरीद से संबंधित सभी ऐजेन्सियों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि मंडी में आने वाले किसानों की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए तथा किसी भी किसान की फसल इस मूल्य से कम भाव में न खरीदी जाए। उन्होंने रोहतक, महम व सांपला मार्केट कमेटी के सचिवों को निर्देश दिए कि वे किसानों को मंडी में अपनी फसल सुखाकर लाने के लिए जागरूक करें। सभी मंडियों मे किसानों की सहायता के लिए किसान सहायता केन्द्र खोले जाए ताकि किसान को अपनी फसल बेचने के सम्बन्ध मे किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

---





### एमडीयू के 4 खिलाड़ियों का चयन प्रतिष्ठित विज्जी ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन टीम में हुआ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की पुरुष क्रिकेट टीम ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में रनर्स अप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। एमडीयू के 4 खिलाड़ियों का चयन प्रतिष्ठित विज्जी ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन टीम में हुआ है। खेल निदेशक प्रो. रणदीप राणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एमडीयू की टीम का मुकाबला दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम के साथ हुआ। इस कड़े मुकाबले में एमडीयू की टीम जितने से चूक गई और दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रनर्स अप ट्रॉफी प्राप्त की। प्रो. राणा ने इस उपलब्धि के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों, कोच और टीम स्टाफ को बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया। प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि टीम के चार खिलाड़ियों- आशीष सिवाच, गर्व सांगवान, इशांत भारद्वाज और राहुल राठी का चयन विज्जी ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन क्रिकेट टीम में हुआ है। खेल निदेशक प्रो. राणा ने चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में खेल के क्षेत्र में एमडीयू के खिलाड़ी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

---

**संगोष्ठी** | **मदवि में एक दिवसीय यूनिवर्सिटी लेवल अवेयरनेस वर्कशाप**

# रजिस्ट्रार ने समाज को वित्तीय, कानूनी, समाजसेवा समेत अन्य क्षेत्र में जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया

- एनएसएस वालंटियर्स जन जागरूकता के प्रहरी बनें और अपने ज्ञान का उपयोग जन कल्याण के लिए करें





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सेल द्वारा शुक्रवार को आईएचटीएम में- लीगल लिटरेसी, फाइनेंशियल लिटरेसी, एनवायरमेंटल इश्यूज एंड हेल्थ अवेयरनेस विषयक एक दिवसीय यूनिवर्सिटी लेवल अवेयरनेस कैंप/वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिजिटल इंडिया विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस वालंटियर्स जन जागरूकता के प्रहरी बनें और अपने ज्ञान का उपयोग जन कल्याण के लिए करें। उन्होंने स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए वॉलंटियर्स को समाज सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इलनेस को वेलनेस बनाने का मूल मंत्र कुलसचिव ने दिया। उन्होंने वित्तीय संसाधनों का समुचित प्रबंधन सीखने की बात कही। उन्होंने एनएसएस वालंटियर्स को रॉबर्ट फ्रॉस्ट की कविता- द वुड्स आर लवली, डार्क एंड डीप, बट आई हैव प्रॉमिस टू कीप, एंड माइल्स टू गो बिफोर आई स्लीप सुनाकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वॉलंटियर्स को अधिकारों के साथ साथ कर्तव्य की भी याद रखने की बात कही। उन्होंने इस आयोजन के लिए एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी और उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। की-नोट स्पीकर विधि विभाग के सेवानिवृत्त अध्यक्ष प्रो. के.पी.एस. महलवार ने कानूनी साक्षरता की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज को वित्तीय, कानूनी, समाजसेवा समेत अन्य क्षेत्र में जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की बधाई दी और इसकी महत्ता बारे बताना।

### प्रो. सविता राठी ने एनएसएस सेल की गतिविधियों का ब्योरा दिया

एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। प्रो. सविता राठी ने एमडीयू एनएसएस सेल की गतिविधियों और उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। अतिथि वक्ता डीन, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज प्रो. राजेश धनखड़, एमडीयू हेल्थ सेंटर प्रभारी डॉ. स्वाति सिंह तथा एसबीआई रीजनल बिजनेस ऑफिस, रोहतक की चीफ मैनेजर निशा मालिक रहीं। प्रो. राजेश धनखड़ ने एनएसएस वालंटियर्स को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में बताया।


लोमड़ी 10 अलग-अलग तरह की आवाज़ें निकाल सकती है।


गाय एक ऐसा जानवर है जो कि खड़े रहकर भी सो सकती है।

# कंप्यूटर कोर्स से जुड़े हैं करियर के अनेक विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में भारत में सरकारी नौकरी करना हर दूसरे युवा का सपना होता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ स्कील का भी होना बहुत जरूरी है। बता देते हैं कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में कंपटीशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसीलिए आज के समय में अगर आप सरकारी नौकरी के बारे में सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसके लिए आपको काफी लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना होगा। अगर आप कंप्यूटर कोर्स करते हैं, तो आपको सरकारी नौकरी में प्रायरिटी मिल जाती है क्योंकि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में भी कंप्यूटर कोर्स को शामिल कर दिया गया है।

## इसलिए जरूरी

वर्तमान समय में अलग-अलग विभागों में अनेक सारे ऐसे पर देखने को मिल जाते हैं। जहां पर कंप्यूटर कोर्स वाले आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन पदों पर केवल कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके लोगों की ही आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों के तहत कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड जिन कोर्स की होती हैं। उन कोर्स की सूची इस प्रकार है

- कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
- मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर ऑफ साइंस (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- बैचलर ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (सिस्टम/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- ग्रेजुएट इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

## टॉप कोर्स

पांच ऐसे कंप्यूटर कोर्स है, जिसकी सरकारी नौकरी के लिए सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिल जाती है। यह उस सूची में टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स है जिसे आप करते हैं, तो आपको अच्छा वेतन मिलता है और बेहतरीन पद भी मिलता है। तो सरकारी नौकरी के लिए मांगे जाने वाले टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स इस प्रकार है ।

**एडीसीए कंप्यूटर कोर्स :** अगर आप एक कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं तो यह कंप्यूटर कोर्स आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है क्योंकि इस कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस डिप्लोमा कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आपको कंप्यूटर का एडवांस नॉलेज हो जाता है और आप सरकारी नौकरी के तहत अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि इस पोस्ट को 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। लेकिन यह कोर्स कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए ही उपयुक्त है विशेष रुप से कंप्यूटर कोर्स को विज्ञान के छात्र ही करते हैं।

**सीसीसी कंप्यूटर कोर्स :** इस कोर्स को आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। अगर आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद इस कोर्स को करते हैं, तो भी आप की सरकारी नौकरी लग सकती है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद आपको किसी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता नहीं है। यह कोर्स 3 महीने की अवधि का है। इस कोर्स को आप नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा कर सकते हैं। इस कोर्स में आपको कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया जाता है जिसमें कंप्यूटर की मूल बातें कंप्यूटर की प्रेजेंटेशन पैकेज के बारे में बताया जाता है। कंप्यूटर डिजिटल फाइनेंस के बारे में जाता है वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पैकेज के बारे में बताया जाता है।

**डीसीए कोर्स :** अगर आप दसवीं अथवा 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी करने का सपना देखते हैं। तो ऐसा तो काफी मुश्किल है क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार की डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने के बाद भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। लेकिन अगर आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद 6 महीने का यह कंप्यूटर कोर्स करते हैं। तो आपके सरकारी नौकरी लग सकती है बता देते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए जिन 5 कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिलती है उसमें डीसीए कोर्स भी शामिल है। इस कोर्स में इंटरनेट एप्लीकेशन के बारे में बताया जाता है ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया जाता है इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सभी सर्विस का ज्ञान दिया जाता है।

**ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स :** कंप्यूटर कोर्स से सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सूची में यह कंप्यूटर कोर्स भी शामिल है। इस कंप्यूटर कोर्स को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए प्रदान करवाया जाता है। इस कोर्स में कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि यह कंप्यूटर कोर्स 1 साल का है। अगर आप इस 1 साल के कंप्यूटर कोर्स को करते हैं। तो आपको विभिन्न प्रकार के सरकारी नौकरियों के अवसर देखने को मिल जाते हैं क्योंकि यह आज के समय में सरकारी नौकरियों के तहत डिमांड वाला कोर्स है जिसके लिए सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की मांग होती है।

**पीजीडीसीए कोर्स :** यह एक कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स है यह कोर्स ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।तो अगर आप दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन कर चुके हैं और कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे बेहतरीन साबित होने वाला है। बता देते हैं कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप सरकारी नौकरी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर सकते हैं और सरकारी नौकरी से भी ज्यादा वेतन प्राइवेट सेक्टर में पार्ट टाइम काम करके भी प्राप्त कर सकते हैं या अपना खुद का एक ऑनलाइन काम भी शुरू कर सकते हैं। पीजीडीसीए कोर्स के तहत आपको सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सिखाया जाता है कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाई जाती है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिखाया जाता है।

### दुनिया में आज लगभग हर काम कंप्यूटर आधारित, नौकरियां भी भरपूर

# कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की आज खासी डिमांड, कोर्स कर बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हार्डवेयर इंजीनियर की डिमांड आज के समय में काफी ज्यादा देखने को मिलती है क्योंकि आज का समय कंप्यूटर का जमाना कहा जाता है। आज के समय में पूरी दुनिया डिजिटलाइजेशन की तरह आगे बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक देश में प्रत्येक चैप्टर और सब जगह कंप्यूटर का इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि कंप्यूटर एक ऐसी मशीन है जो विभिन्न प्रकार के तकनीकी से बनी हुई है और विभिन्न प्रकार के कार्य को आसानी से संपन्न कर देती है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर की डिमांड दुनिया भर में हर दिन तेजी से बढ़ रही है और आज के समय में लगभग प्रत्येक कार्य कंप्यूटर की मदद से किया जाता है। कंप्यूटर विभिन्न भागों से मिलकर बनता है, जिनमें 2 मुख्य भाग होते हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से कंप्यूटर का मस्तिष्क माना जाता है जो कंप्यूटर के अंतर्गत एक एप्लीकेशन के रूप में कार्य करता है, जबकि हार्डवेयर कंप्यूटर के बाहरी हिस्सों के रूप में हमें दिखाई देता है जो विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण शक्तियों के रूप में कंप्यूटर को दिशा निर्देश देता है और कंप्यूटर से कार्य करवाता है वह हार्डवेयर कहलाता है। आपने देखा होगा कि कंप्यूटर में कीबोर्ड, हार्ड डिस्क, मॉनिटर, सीपीयू इत्यादि विभिन्न प्रकार के भाग होते हैं यह सभी कंप्यूटर के हार्डवेयर कहलाते हैं। जिस तरह से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का निर्माण सॉफ्टवेयर डेवलपर करता है। ठीक उसी प्रकार कंप्यूटर के हार्डवेयर का निर्माण भी हार्डवेयर डेवलपर करता है। अगर आप अभी हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको निर्धारित किया गया कोर्स करना होगा, जिसके बाद ही आप हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

## आजकल युवाओं की यहीं पहली पसंद



## क्या है हार्डवेयर इंजीनियरिंग

हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर विषय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के हार्डवेयर का निर्माण करना होता है तथा उस हार्डवेयर के सेक्टर में नए-नए आविष्कार और नए-नए कार्य करने के लिए हार्डवेयर डेवलपर बनते हैं। कंप्यूटर के लिए हार्डवेयर सॉफ्टवेयर की भांति एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जो कंप्यूटर को आदेश या डिमांड प्रदान करता है। हार्डवेयर इंजीनियर एक महत्वपूर्ण कोर्स और पद माना जाता है। आज के समय में अधिकांश युवाओं द्वारा कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर इंजीनियर बनाने की उत्सुकता देखी जा रही है। अगर आप अभी पहले से ही कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी होगी। उसके बाद कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत 3 वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स और 2 वर्ष का पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करना होगा। उसके बाद 1 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स भी करना होता है। आज के समय में इस क्षेत्र में काफी करिए इसको देखा जाता है।

## हार्डवेयर इंजीनियर बनें

हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी के विषय में अच्छी समझ और रुचि होनी चाहिए तभी आप इस क्षेर में आगे बढ़ सकते हैं और कुछ महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी है। किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षण बोर्ड से 12वीं कक्षा पास कर सकते हैं। उसके बाद आपको कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत डिप्लोमा या डिग्री कोर्स करना होगा। इस कोर्स को पूरा करने के बाद इंटरशिप करें। इंटरशिप की सहायता से आपको करियर ग्रोथ तथा अनुभव के बारे में जानकारी मिलेगी, जो काफी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए। इंटरशिप के बाद आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मास्टर डिग्री जरूर करनी चाहिए, क्योंकि इस डिग्री के बाद आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होती है और अच्छा पैकेज या अच्छी सैलरी मिलती है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पदों पर नौकरी मिलती है। ऐसे लिए आमतौर पर हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए मास्टर डिग्री भी की जाती है।

## कोर्स

कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार आप किसी भी कोर्स का चयन करके आगे बढ़ सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए निर्धारित किए गए कोर्स में से कुछ प्रमुख कोर्स इस प्रकार हैं।

- कंप्यूटर माइक्रो प्रोसेसिंग कोर्स
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर सीएएलसी
- मास्टर ऑफ साइंस इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- हार्डवेयर नेटवर्किंग कोर्स
- हार्डवेयर डिप्लोमा कोर्स
- कंप्यूटर हार्डवेयर स्ट्रक्चर
- कंप्यूटर सीएएलसी कोर्स

## करियर स्कोप

अगर आपने कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर लिया है तो अब आपको करियर स्कोप के तहत बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आज के समय में आपको विभिन्न प्रकार के नेटवर्क और तकनीकी से जुड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में और विभिन्न प्रकार के उद्योग में करियर स्कोप देखने को मिल जाता है जिनके नाम इस प्रकार हैं।

- आईटी एडमिनिस्ट्रेटर
- टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
- हेल्प डेस्क इंजीनियर
- कंप्यूटर टेक्निशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर आईटी टेक्निशियन

## शिक्षण संस्थान

हार्डवेयर इंजीनियर कोर्स आज के समय में काफी महत्वपूर्ण कोर्स बन चुका है। इसलिए आज के समय में भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान और कॉलेजों द्वारा इस कोर्स को करवाया जाता है। आप भी अपने राज्य के अंतर्गत नजदीकी शिक्षण संस्थान से हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर सकते हैं। भारत के कुछ प्रमुख हार्डवेयर डेवलपर बनने के कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थानों के नाम इस प्रकार हैं।

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,त्रिची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- एलएनएम इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे

## योग्यता

- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री प्राप्त करनी होती है।
- भारत के किसी भी शिक्षण संस्थान से बिटसैट, केसैट, वैबजी इन सभी प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।
- हार्डवेयर डेवलेपर बनने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपकी रुचि कंप्यूटर साइंस और तकनीकी के क्षेत्र में होनी चाहिए और संबंधित कुछ अनुभव भी होना चाहिए।
- हार्डवेयर डेवलेपर बनने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है हेतु यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित किया गया न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा।
- कुछ यूनिवर्सिटी द्वारा मास्टर प्रोग्राम के तहत प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई जाती है।
- कुछ यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्कोर या अंक की मांग करती हैं।

## आवेदन प्रक्रिया

- आप जिस भी यूनिवर्सिटी से हार्डवेयर डेवलपर कोर्स करना चाहते हैं उस यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे।
- ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर या ईमेल की मदद से अपना अकाउंट बनाएं तथा यूजरनेम और पासवर्ड प्राप्त करें।
- यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर लॉगिन करें।
- अब आपको यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर होम पेज पर ही विभिन्न प्रकार के कोर्स दिखाई देंगे, उनमें से अपने पास का चयन करें।
- कोर्स का चयन करने के बाद आपको आवेदन फॉर्म दिखाई देगा।
- आवेदन फार्म को सही और महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार भरें।
- आवेदन फार्म के साथ संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड करें।
- आवेदन फार्म के अंतर्गत आवेदन फीस ऑनलाइन भुगतान करें और अपना आवेदन सबमिट कर दें।
- निर्धारित तारीख को प्रवेश परीक्षा दे और सर्वाधिक अंक हासिल करें।
- मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त होने पर आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा।
- आप कोर्स करके हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत में राज्यों की राजनीति का शिक्षा प्रणाली पर गहरा और व्यापक प्रभाव पड़ता है। चूंकि शिक्षा संविधान के तहत एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें दोनों इसके लिए नीतियां बनाती हैं। हालांकि, शिक्षा का अधिकांश दायित्व राज्य सरकारों के पास होता है, जिसके कारण राज्यों की राजनीतिक प्राथमिकताएं, नीतियां और एजेंडे शिक्षा प्रणाली को सीधे प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ राज्य जैसे केरल और तमिलनाडु ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षणिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा को कम प्राथमिकता दी जाती है, जिससे वहां के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षा का निम्न स्तर देखने को मिलता है।

## पारदर्शिता की आवश्यकता

राजनीतिक एजेंडे के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव, भाषा के मुद्दे, और शिक्षकों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे कारक शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति और बजट आवंटन भी शिक्षा के स्तर को निर्धारित करते हैं। धनी राज्य शिक्षा पर अधिक खर्च करते हैं, जबकि गरीब राज्यों में शिक्षा का बजट कम होता है, जिससे राज्यों के बीच शिक्षा के स्तर में असमानता बढ़ती है। इस प्रकार, राज्यों की राजनीति भारत की शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और यह स्पष्ट है कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और पारदर्शिता की आवश्यकता है। भारत में शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए यह आवश्यक है कि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करे और सरकारी स्कूलों को एक बेहतर ढांचा प्रदान करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल सामाजिक न्याय का मुद्दा है, बल्कि यह देश के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की कमी, और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे शिक्षा के लिए पर्याप्त बजट आवंटित करें, शिक्षकों की योग्यता और प्रशिक्षण पर ध्यान दें, और स्कूलों में आधुनिक शिक्षण सामग्री और तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, और पोषण योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यदि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा को प्राथमिकता देती है और सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाती है, तो भारत की शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा सुधार संभव है।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

**राजनीतिक प्राथमिकताओं का प्रभाव :** राज्य सरकारों की राजनीतिक प्राथमिकताएं शिक्षा के क्षेत्र में निवेश और नीतियों को निर्धारित करती हैं। कुछ राज्यों में, शिक्षा को विकास का मुख्य आधार माना जाता है, जबकि अन्य राज्यों में यह राजनीतिक एजेंडे में पीछे रह जाता है। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा के बजट को कम कर दिया जाता है, जिससे शिक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है।

**शिक्षा का राजनीतिकरण :** भारत में शिक्षा का राजनीतिकरण एक गंभीर समस्या है। राज्य सरकारें अक्सर शिक्षा पाठ्यक्रम को अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुसार बदल देती हैं। इतिहास, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विषयों में परिवर्तन करके राज्य सरकारें अपने विचारधारा को बढ़ावा देती हैं। इससे छात्रों को एक संकीर्ण और पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण मिलता है, जो उनके समग्र विकास को प्रभावित करता है।

**शिक्षकों की नियुक्ति और भ्रष्टाचार :** राज्यों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अक्सर राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार होती है। योग्यता के बजाय राजनीतिक संबंधों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी हो जाती है।

**भाषा और संस्कृति का मुद्दा :** राज्यों की राजनीति में भाषा और संस्कृति का मुद्दा हमेशा से प्रमुख रहा है। कई राज्य सरकारें अपनी क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा प्रणाली का उपयोग करती हैं। हालांकि यह स्थानीय संस्कृति को संरक्षित करने में मददगार हो सकता है, लेकिन इससे राष्ट्रीय एकता और समान शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य को नुकसान पहुंचता है।

## सामान्य ज्ञान

1. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

2. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

3. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

4. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

5. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

6. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

7. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

8. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

9. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

10. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अधम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### मास्टर ट्रेनरों ने पोलिंग स्टॉफ को दी ट्रेनिंग

**बेरी।** चुनावों में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न करवाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी तैयारी की गई है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि इलेक्शन ड्यूटी में तैनात स्टॉफ चुनाव आयोग के नियमों की गंभीरता से पालना करें। उपमंडल स्तरीय लघु सचिवालय में चुनाव से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें चुनाव से संबंधित मशीनों के बारे में ट्रेनरों द्वारा जानकारी दी गई है।

### एससी एक्ट के तहत केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव मातन में जमीन पर कब्जा दिखाने के आरोप में अनुसूचित जाति के परिवार को धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़ित कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव की फिरनी पर उसके मकान के साथ संदीप का भी मकान है। हमारी जमीन पर कब्जा करने के इरादे से उन्होंने वहां ईंटे उतरवा रखी थी। इस विवाद में वे पहले भी मारपीट कर चुके हैं। गत दिवस भी संदीप व नरेश ने उनके साथ गाली गलोच की, धमकी दी तथा पुरानी चारदीवारी गिरा दी।

### नफे सिंह राठी की श्रद्धांजलि सभा 25 को

**बहादुरगढ़।** इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. नफे सिंह राठी की बरसी पर मंगलवार 25 फरवरी को सुबह 10 बजे नजफगढ़ रोड स्थित राठी फार्म में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए इनेलो हलकाध्यक्ष राजेंद्र उर्फ पप्पू कानोंदा ने स्व. नफे सिंह राठी दो बार बहादुरगढ़ नगर परिषद के चेयरमैन व दो बार बहादुरगढ़ हलके के विधायक रहे।

211 स्कूलों में मनाया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

# मन के भाव का सरलतम उदगार है मातृ भाषा : दिलजीत सिंह

मातृभाषा मन के विचारों को साझा करने का सर्वोत्तम एवं सरल माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस जिले के सभी 211 स्कूलों में मनाया गया। इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य भाषा विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना रहा। इस मौके पर जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सभी लोगों को एकजुट करते हैं एवं अपनी सांस्कृतिक धरोहर एवं आसपास के क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली भाषा के बारे में आधार प्रदान करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि मन के भाव का सरलतम उदगार है मातृ भाषा। जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने बताया कि छोटे बच्चों में किस प्रकार से अपनी मातृभाषा के प्रति लगाव पैदा किया जा सकता है एवं उनके मन में उठने वाले विभिन्न भावों को सहजता के साथ किस तरीके से हम एक दूसरे के सामने व्यक्त कर सकते हैं, इसकी सबसे उत्तम कड़ी है अपनी मातृभाषा में बात करना। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यालयों में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस आयोजित किया गया।



रोहतक। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर गतिविधियों में हिस्सा लेते विद्यार्थी।





### इन गतिविधियों का हुआ आयोजन

मातृभाषा में बाल काव्य सम्मेलन, कहानी और कविताएं सुनना, हिंदी में ब्लैक बोर्ड सजना, अनुवाद और कहावतें करना, नाट्य प्रस्तुति करना, मातृभाषा में शब्द श्रृंखला बनाना आदि।

### इस दिवस में स्थानीय समुदाय और अभिभावकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई

जिला निपुण समन्वयक ने बताया कि बच्चों के साथ-साथ एसएमसी सदस्यों, दादा-दादी, बच्चों के माता-पिता एवं अन्य बुजुर्गों के द्वारा इस अवसर पर लोकगीत और कहानियां भी सुनाई गई। इस पहल का सकारात्मक पहलू यह भी है कि विद्यार्थी अपने बड़े बुजुर्गों , अभिभावकों, दादा-दादी, एसएमसी सदस्यों एवं अन्य सभी प्रतिभागिता करने वालों से भाषा के माध्यम से जुड़ाव महसूस करेंगे एवं अपने लोकगीतों एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण बातों के विषय में भी जानकारी प्राप्त करेंगे।



## माइक्रोन 2030 तक होगी दुनिया की नंबर वन कंपनी : रोमेश विग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माइक्रोन 2030 तक दुनिया की नंबर वन कम्पनी होगी। दिल्ली रोड स्थित माइक्रोन कंपनी में टाउन हॉल कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कंपनी के सीएमडी रमेश विग ने कहा 2030 तक कंपनी को नंबर वन बनाने का लक्ष्य है, उन्होंने बताया कि आज लगभग 1200 कर्मचारी माइक्रोन ग्रुप के साथ काम कर कंपनी को दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति की ओर अग्रसर कर रहे हैं। कर्मचारियों पर उन्हें पूरा भरोसा है और उनकी लगन व मेहनत से फास्टनर्स के क्षेत्र में दुनिया में कम्पनी का नाम जाना जाने लगा है। मैनेजिंग डायरेक्टर करण विग ने बताया कंपनी में रोहतक के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार दिया जाएगा और दिया जा रहा है। मिशन परिवर्तन के कार्यक्रम में ग्लोबल टैलेंट के चीफ एंड सीईओ डीके बक्शी, थाईलैंड, नॉर्थ अमेरिका, नॉर्थ इंडिया ने कंपनी में टाउन हॉल कार्यक्रम कर कर्मचारियों का मोटिवेशन किया और कहा कि माइक्रोन ग्रुप को हर तरीके से आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। जर्मन, इंग्लैंड, आल यूरोप और पूरे भारत में बड़ी-बड़ी कंपनियों की गाड़ियों में कंपनी का नट बोल्ट लग रहा है। आज बहुत सी ऐसी गाड़ियां हैं जिनमें माइक्रोन का पार्ट लगा हुआ है। यहीं रोहतक की बहुत बड़ी अचीवमेंट है। इस अचीवमेंट का श्रेय विग ने कंपनी के कर्मचारियों की मेहनत और लगन को दिया।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शोध प्रविधि पर आयोजित कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग (ईवीएस एंड बायोटेक्नोलॉजी) के नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों के लिए चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में संचालित शोध प्रविधि कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शोध कार्य के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित प्रतिभागियों को शोध कार्य में नवाचार और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने शोधार्थियों से अपनी स्किलसेट विकसित करने और जीवन में सकारात्मक एप्रोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। इस कार्यशाला के कन्वीनर एवं डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दुरेजा ने प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि इस शोध कार्यशाला ने न केवल ज्ञानवर्धन का अवसर प्रदान किया, बल्कि शोध समुदाय के बीच संपर्क और सहयोग को भी बढ़ावा दिया। डीन, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज प्रो. राजेश धनखड़ ने कहा कि इस कार्यशाला में वक्ताओं ने अपने शोध अनुभवों को साझा किया और शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला कोऑर्डिनेटर डॉ. रितु गिल ने आभार जताया। मंच संचालन डॉ. वंदना गर्ग ने किया। डॉ. मीनू ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. संदीप मलिक, फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग (ईवीएस एंड बायोटेक्नोलॉजी) के विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक और प्रतिभागी शोधार्थी उपस्थित रहे।



## उप पुलिस अधीक्षक ने जेपी कॉलोनी में रात्रि ठहराव के दौरान समस्याएं सुनीं

- युवाओं को नशे से दूर रहने की हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया ने शुक्रवार को रात्रि ठहराव के दौरान जेपी कॉलोनी में स्थित कम्यूनिटी सेंटर में वार्ड न. 1 व वार्ड न. 02 के व्यक्तियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान प्रभारी थाना शहर रोहतक उप.नि राजकुमार व अन्य अधिकारी/जवान मौजूद रहे। व्यक्तियों की समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर ही प्रभारी थाना शहर को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक ने मौजूद व्यक्तियों को साइबर अपराध व नशीले पदार्थों के ख़िलाफ़ जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। नशा हमारे जीवन को धीरे-धीरे अंधकार की ओर ले जाता है। जो लोग नशे के आदि हो जाते हैं तब उन्हें नशे के दुष्परिणाम बारे पता चलता है तब तक उनके घातक परिणाम सामने आने लगते हैं और वे लोग नशे के गुलाम बन जाते हैं। जिसके बाद वे लोग नशे की पूर्ति के लिए अपराध की ओर बढ़ जाते हैं।

### साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

उप पुलिस अधीक्षक ने साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फोन में प्राप्त ओटीपी या बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अन्जान व्यकित के साथ सांझा ना करें ना ही किसी फोन में प्राप्त किसी अन्जान लिंक इत्यादि पर क्लीक करें। सोशल मीडिया (फेसबुक तथा इंसटाग्राम) पर प्राईवेसी सिक्योरिटी लगाकर रखे। अपनें अकाउंट का मजबुत पासवर्ड बनाये और समय-2 पर बदलते रहें। किसी भी प्रकार की आनलाईन ठगी हो जाती है तुरन्त नेशनल साईबर कम्पलेंट पोर्टल नम्बर 1930 पर कॉल करें। और **www.cybercrime.gov.in** पर आनलाइन शिकायत दर्ज करवाएं। जितनी जल्दी हो सके तुरन्त कम्पलेंट न.1930 या डायल 112 पर कम्पलेंट कर शिकायत दर्ज करवाये। इस दौरान पूर्व एमसी नीलम पांचाल, पूर्व एमसी सुरेश सैनी, नवीन, रोहित व अन्य मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।



## एमआर डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सीआरई कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमआर डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली की ओर से तीन दिवसीय सीआई कार्यक्रम का 20 फरवरी को समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक वैभव जिंदल ने प्रतिभागियों का स्वागत और प्रोत्साहन बढ़ाकर किया। उन्होंने रोल ऑफ एंप्लॉयबिलिटी स्किल्स इन रिहैबिलिटेशन ऑफ सीडब्लूएसएन विषय पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में राज्य के अलग-अलग जिलों के 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिव्यांगता के क्षेत्र से संबंधित रिसोर्स पर्सन्स ने प्रतिभागियों को एंप्लॉयबिलिटी स्किल्स के विभिन्न विषयों से अवगत कराया। संस्थान द्वारा आयोजित सीआरई कार्यक्रम में सिरतार संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एडी पासवान ने विभिन्न कोशलो से अवगत कराया। अंत में सीआरई की सभी प्रतिभागियों ने सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर प्रोग्राम कॉर्डिनेटर मनदीप, सतनारायण, नीरू, सिद्धार्थ, कोमल ढाका, सोनिया आदि रही।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य कॉलेज में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

समन्वयक डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि हम युवाओं को भविष्य के लिए कौशल प्रदान करना चाहते हैं। फाउंडेशन की निदेशक आशी अग्रवाल ने कहा कि तीन दिनों के दौरान, हम विद्यार्थियों को एआई, एमएल, डीप लर्निंग और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में ज्ञान प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. राजल गुप्ता, डॉ. अंजू सिंगला, डॉ. मनीषा, डॉ. विनीत बाला, मनोज गर्ग, डॉ. प्रतिभा, डॉ. गीता, डॉ. दीपाली आर्या, डॉ. रितु, डॉ. मधु आदि मौजूद रहे।



रोहतक। वैश्य कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक-शिक्षिकाएं।



रोहतक। शहीद कैप्टन दीपक शर्मा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता में जोरआजमाइश करतीं छात्राएं।

## विद्यार्थियों ने खेलों में किया बेहतर प्रदर्शन

- विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के प्रदर्शन को समस्त स्टाफ ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहीद कैप्टेन दीपक शर्मा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या मीता कंसल ने की। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 100 मीटर ,200 मीटर, 400 मीटर व रिले रेस के अलावा, लोंग जम्प, हाई जम्प, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, कबड्डी व खो खो आदि में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान रघुबीर, रामकुमार, गीता मान, पूनम, सुशीला, अनिता, उषा आदि उपस्थित रहे।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम 'तरंग' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम तरंग का आरम्भ हुआ। शुक्रवार को पॉट पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, क्ले मॉडलिंग, कोलाज मेकिंग और सांझी कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुबोध एवं सह- संयोजिका डॉ. हेमलता ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की।निर्णायक मंडल की भूमिका अनीता अमानी, डॉ. आशा और डॉ. कविता ने निभाई। प्राचार्या इंदु सपरा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनकी सृजनात्मक क्षमताओं एवं कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम | हिंदी भाषा के अधिकतम प्रयोग और संवाद के प्रचार के लिए प्रेरित किया

# वैश्य तकनीकी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की रजत जयंती मनाई

कार्यक्रम में सभी विभागों से छात्रों तथा शिक्षाविद् जनों ने भाग लिया, और अपने विचार रखे

- छात्रों की हिंदी से संबंधित शंकाओं का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य तकनीकी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की रजत जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। जिसमें सभी विभागों से छात्रों तथा शिक्षा विद् जनों ने भाग लिया। इस अवसर पर किस प्रकार अपने विचारों को सहजता से लिखें, इस पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संस्थान की प्रवक्ता व प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. कंचन मखीजा रहीं, जिन्होंने वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की महत्ता और गुणवत्ता के बारे में बताते हुए युवाओं को हिंदी भाषा के अधिकतम प्रयोग, संवाद और प्रचार के लिए प्रेरित किया। डॉ. कंचन ने कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने के लिए विश्व में चाईना की भाषा प्रथम व दूसरे स्थान पर हिंदी है और लगातार इसकी लोकप्रियता तथा अनन्य संभावनाएं बढ़ रही है। संस्थान के प्राचार्य संजीव गुप्ता ने हिंदी के विभिन्न आयामों व सामाजिक विकास पर चर्चा की। कार्यक्रम की संचालक अनुपमा गुप्ता ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। हमें इसे बोलचाल, शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में अधिकाधिक अपनाने की जरूरत है। राजन सरीन ने भी युवाओं को हिंदी में लेखन, पठन-पाठन व अध्ययन के विषय में अपने विचार सांझा किए। वैश्य शिक्षण संस्थान के उप प्रधान दीपक जिंदल ने कहा कि हिंदी के बिना भारतीय जीवन की अभिव्यक्ति अधूरी है।





रोहतक। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष सतीश जैन, ऑटोमोबाइल के विभागाध्यक्ष राजन सरीन व सीनियर लैक्चरर नीति जैन स्मृति चिह्न भेंट कर डॉ. कंचन मखीजा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हिंदी प्रयोग का लिया संकल्प

इस अवसर पर डॉ. कंचन ने संस्थान की पत्रिका प्रकाशन में कार्य करने के लिए आह्वान के साथ-साथ छात्रों की हिंदी से संबंधित शंकाओं का समाधान किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष सतीश जैन, ऑटोमोबाइल के विभागाध्यक्ष राजन सरीन व सीनियर लैक्चरर नीति जैन ने स्मृति चिह्न भेंट कर डॉ. कंचन मखीजा को सम्मानित किया। अंत में तथा संयोजिका पारुल गुप्ता व शालू गर्ग ने सभी का धन्यवाद किया और छात्रों सहित सभी ने हिंदी में अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लिया।

### संवादात्मक सत्र और व्यावहारिक जानकारी दी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) के कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) द्वारा द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के सहयोग से शुक्रवार को पर्यावरण विज्ञान विभाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में टेरी के विशेषज्ञों द्वारा संवादात्मक सत्र और व्यावहारिक जानकारी दी गई। सीसीपीसी की निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने टेरी टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने में इस तरह के सहयोग के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी, लाइफ साइंसेज प्रो. राजेश धनखड़, पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. जेएस लौरा का विशेष योगदान रहा। प्राध्यापिका डॉ. रचना भटेरिया ने आभार जताया। प्रो. मीनाक्षी , डॉ. बबीता समेत विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।








## वैश्य कन्या विद्यालय में खेल उत्सव का आयोजन

**रोहतक।** वैश्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी दीपक जिंदल, राजेंद्र बंसल, डॉ. चंद्र गर्ग, श्यामलाल गर्ग के मार्गदर्शन में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के गवर्निंग बॉडी के सदस्य ईश्वर चंद्र गुप्ता एवं नितिन तायल उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिताएं जैसे 3 लेग रेस, सुई धागा रेस, जलेबी रेस, मटका रेस आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ईश्वर चंद्र गुप्ता एवं नितिन तायल द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय की प्राचार्या रेखा गुप्ता ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हिंदी कविता में रेखा और हरियाणवी कविता में खुशी प्रथम

## पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज में संस्कृतिक कार्यक्रम तरंग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय संस्कृतिक कार्यक्रम तरंग का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को साहित्यिक एवं फाइन आर्ट्स की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यकम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने फाइन आर्टस की गैलरी का उद्घाटन करते हुए किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि हिंदी, अंग्रेजी कविता, संस्कृत श्लोकोच्चारण, हरियाणवी कविता, हिंदी वाद विवाद एवं अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता में




विद्यार्थियों ने भाग लिया। हिंदी कविता में प्रथम रेखा, द्वितीय मुस्कान, तृतीय अर्चना, संस्कृत श्लोकोच्चारण में प्रथम अनुराग, द्वितीय रेखा, तृतीय तनु और दीक्षा, हरियाणवी कविता में प्रथम खुशी, द्वितीय सचिन, तृतीय स्थान पर आशीष, अंग्रेजी कविता में प्रथम निकुंज, द्वितीय तमन्ना और तृतीय स्थान पर विजय, हिंदी वाद विवाद में प्रथम लोकेश, द्वितीय विशाल, तृतीय अरुण, अंग्रेजी वाद विवाद में प्रथम रिया, द्वितीय स्थान प्रियांशु और तृतीय स्थान अरुण ने हासिल किया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम प्रीति

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीति, द्वितीय स्थान अनु, तृतीय स्थान पूर्णिमा ने प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिंस, द्वितीय हंसिका, तृतीय स्थान रीति, फोटोग्राफी में प्रथम स्थान श्याम, द्वितीय सौरभ, तृतीय स्थान अरविंद ने प्राप्त किया। इसके अलावा रंगोली में प्रथम दिया, द्वितीय अनुषा, तृतीय शिखा, कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभम, द्वितीय कोमल और तृतीय स्थान हंसिका ने प्राप्त किया। इसी तरह से क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान पुष्कर, द्वितीय कोमल, तृतीय राहुल, स्केच मेकिंग में प्रथम स्थान गुरकीरत, द्वितीय लवीश, तृतीय नीरज, पेंटिंग में प्रथम स्थान रीति, द्वितीय नीलम, तृतीय स्थान कुणाल ने और बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीलम, द्वितीय महक, तृतीय स्थान रीति ने प्राप्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. निर्मला, डॉ. सरिता, डॉ. पूनम पंडित, डॉ. समिता, डॉ. शौकीना, डॉ . पंकज, डॉ. पूजा, डॉ. अनिल खटकड़, डॉ. सुरेंद्र सांगवान, डॉ. रेणु राणा, डॉ. मनीषा हुड्डा, डॉ. विनीता आदि मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप



### वाद विवाद प्रतियोगिता में जतिन मलिक प्रथम

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय के एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष के छात्र जतिन मलिक ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। जतिन के इस प्रदर्शन पर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उपप्रधान धर्मराज, महासचिव नवदीप (मोनू) और जाट कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने उन्हें बधाई दी। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने बताया कि यह प्रतियोगिता सोनीपत के छोटूराम आर्य महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें जतिन मलिक ने प्रथम स्थान हासिल किया।

### एड मैड शो में प्राची ग्रुप ने पाया प्रथम स्थान



**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एड मैड शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 26 छात्राओं ने विभिन्न समूहों में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची एंड ग्रुप ने, द्वितीय स्थान प्रिया एंड ग्रुप और तृतीय स्थान वर्षा एंड ग्रुप ने हासिल किया।

## 5662 में से 4518 शिकायतों का समाधान : अतिरिक्त उपायुक्त

# समाधान शिविर में अभी तक 80 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में अभी तक 5662 शिकायतों प्राप्त हुई है, जिनमें से 4518 शिकायतों निपटारा करवा दिया गया है। अभी तक लगभग 80 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि नागरिकों की हर शिकायत के निदान के उद्देश्य से प्रति कार्य दिवस जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय व नगर निगम कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए तथा बंद सीवरेज को भी साफ करवाए। नरेंद्र कुमार ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पात्रता शर्तें पूरी करने वाले नागरिकों की संबंधित पेंशन शुरू करवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय को वेरीफाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियों को शीघ्र दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित जनहित से जुड़े समाचार पत्रों के संदर्भ में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि वे फिलिंग स्टेशन पर सीएनजी भरने में गड़बड़ी के आरोप की जांच करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।

### लक्ष्यः एक छत के निचे सभी शिकायतों का समाधान करना

इन शिविरों के आयोजन का मुख्य लक्ष्य एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का निपटारा करना है ताकि नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों में न जाना पड़ा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन, पुलिस अधीक्षक कार्यलय से निरीक्षक रोशन लाल, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी, जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, सहायक नगर योजनाकार वैशाली, सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका सिंह आदि मौजूद रहे।

### मंदिर व चिल्डर्न पार्क के समीप सड़क का किया निरीक्षण



**रोहतक।** नवनिर्मित सड़क का निरीक्षण करते सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच ने सेक्टर एक में मंदिर व चिल्डर्न पार्क के समीप सड़क का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए गए समाधान शिविर में सेक्टर एक निवासियों ने सेक्टर एक में चिल्डर्न पार्क व मंदिर के समीप नवनिर्मित सड़क की गुणवत्ता के बारे में शिकायत दी थी। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच को इस सड़क का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अभिनव सिवाच ने सेक्टर एक में स्थित इस सड़क का मौके पर निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित सेक्टर वासियों से इस बारे जानकारी हासिल की।



**महम।** सीसर खास गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते भाजपा नेता अजीत अहलावत। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा नेता अजीत अहलावत ने सुनी जनसमस्याएं

**महम।** भाजपा नेता अजीत अहलावत गांव गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सीसर खास गांव की धानक चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने गलियों का निर्माण करवाने और पर्याप्त नहरी व पीने का पानी उपलब्ध करवाने की मांग की। अजीत अहलावत ने ग्रामीणों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रहे हैं। हरियाणा में नॉन स्टॉप विकास के कार्य जारी हैं। योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। अब प्रदेश के युवा नेताओं के पास पर्ची लेकर नौकरी मांगने के लिए चक्कर नहीं काटते। अब युवा कोचिंग सेंटरों पर और लाइब्रेरियों में दिन रात मेहनत कर रहे हैं। इस मौके पर अशोक गुप्ता, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार, पवन फौजी, मंदीप सिंह व राधेश्याम मौजूद थे।



### काव्य पाठ प्रतियोगिता में कोमल प्रथम

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग में काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस काव्य पाठ प्रतियोगिता में स्व रचित कविता श्रेणी में गणित विभाग की कोमल प्रथम स्थान पर, राजनीति विज्ञान की ज्योत्सना दूसरे स्थान पर तथा अंग्रेजी विभाग की पिंकी तीसरे स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार हेतु चौथे स्थान पर गणित विभाग के अनुज तथा विधि विभाग की देविका पांचवें स्थान पर रही। अंग्रेजी विभाग की इंगलिश लिटरेरी सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थी शामिल हुए। इंग्लिश लिटरेरी सोसायटी की सलाहकार प्रो. रश्मि मलिक ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में निर्णायक का दायित्व निर्वहन सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. मंजीत राठी, संस्कृत विभाग की प्रोफेसर डा. सुनीता सैनी तथा एमडीयू सीपीएएस, गुरुग्राम की डा. सीमा बसवाना ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रणदीप राणा ने की। विभाग के प्राध्यापक प्रो. गुलाब सिंह, प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. अंजु, डॉ. कविता सिंह तथा राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र शर्मा की कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

### देशहित में योगदान देने से पीछे नहीं हटना चाहिए



**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में संकल्प दिवस के उपलक्ष में शॉर्ट फिल्म दिखाई गई, जिसका विषय भारत के विदेशों द्वारा अधिकृत प्रदेश रहा। जिसका उद्देश्य हमारे भारत देश की सीमाओं पर विदेशी अधिक्रान्तों के परिणामस्वरुप भारत की एकता व अखंडता को होने वाले नुकसान से अवगत कराना रहा।




**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते बैंक अधिकारी व कर्मचारी ।

### बैंक कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**रोहतक।** जाट भवन के पास बैंक कर्मचारियों ने मांगों को लेकर शुक्रवार को बैंकों के क्षेत्रीय, जोनल और प्रधान कार्यालयों के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में ग्राहक सेवा और कर्मचारी कल्याण दोनों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रमुख मांगों पर प्रकाश डाला गया।

# एनईपी के तहत 2 क्रेडिट का मिलेगा सर्टिफिकेट

- यूथ रेड क्रॉस समिति की 13वीं वार्षिक बैठक का आयोजन
- वाईआरसी समेत आउटरीच व एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों को दिया जाएगा क्रेडिट सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में शुक्रवार को यूथ रेड क्रॉस समिति की 13वीं वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में यूथ रेड क्रॉस के माध्यम से समाज में जागरूकता की अलख जगाने की प्रतिबद्धता की गई। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू यूथ रेड क्रॉस के जरिए विद्यार्थियों को उनके सामाजिक सरोकारों से जोड़ेगा। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि वाईआरसी के माध्यम से नशा मुक्ति, क्लाइमेट चेंज, सस्टेनेबल डेवलपमेंट, रोड सेफ्टी समेत अन्य अहम मुद्दों बारे युवा एवं समाज से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों को गति देने का कार्य एमडीयू करेगा। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि वाईआरसी समेत आउटरीच व एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों को एकेडमिक क्रेडिट के तौर पर प्रोत्साहन देने का कार्य एमडीयू करेगा। जन कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले यूजी के विद्यार्थियों को चार क्रेडिट तथा पीजी विद्यार्थियों को एनईपी के तहत 2 क्रेडिट का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिसको कंपलीट इंटर्नशिप के बराबर माना जाएगा।



### ये रहे मौजूद

बैठक में कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच, चंडीगढ़ के रोहित शर्मा, जिला रेड क्रॉस, रोहतक के सचिव श्याम सुंदर, जिला रेड क्रॉस, झज्जर के सचिव देवेन्द्र चहल, जिला रेड क्रॉस, फरीदाबाद के सचिव बिजेन्द्र सौरोत, जीजीडीएसडी कालेज, पलवल के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार, वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय, बहादुरगढ़ की प्राचार्य डा. आशा शर्मा, गौड़ ब्राह्मण डिग्री कालेज रोहतक के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा, टीका राम कन्या महाविद्यालय, सोनीपत से डॉ. दिव्या, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी आदि शामिल हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**चुनाव** 28 को होगा चुनाव, एडवोकेट रविशंकर सोनी, प्रदीप ढाका और रंजना मैदान में

रवि शंकर सोनी और प्रदीप ढाका के बीच सीधा मुकाबला

# बार एसोसिएशन चुनाव : प्रधान पद की प्रत्याशी रंजना रापड़िया ने प्रदीप ढाका को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

28 फरवरी को बार एसोसिएशन महम का चुनाव है। प्रधान पद के लिए तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें एडवोकेट रवि शंकर सोनी, प्रदीप ढाका और रंजना शामिल हैं। इस चुनाव को लेकर शुक्रवार सुबह एक खास घटनाक्रम हुआ। एडवोकेट रंजना रापड़िया ने प्रदीप ढाका का समर्थन कर दिया। वैसे तो अब नामांकन पत्र वापस लेने का समय निकल गया है और बार एसोसिएशन के रिकॉर्ड में तीनों ही उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन रंजना द्वारा प्रदीप ढाका को समर्थन देने के लिए रवि शंकर सोनी और प्रदीप ढाका के बीच सीधा मुकाबला हो गया है। दिनभर महम बार के वकीलों में रंजना के मैदान छोड़ने की चर्चा बनी रही। इससे चुनाव में रोचक मुकाबला हो गया है। यह तो समय ही बताएगा कि कौन जीतेगा और कौन हारेगा। लेकिन रवि शंकर सोनी और प्रदीप ढाका दोनों को ही कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। इन दोनों में से किसी भी प्रत्याशी की राह आसान नहीं है।



**महम।** प्रधान पद के प्रत्याशी प्रदीप ढाका के समर्थन में विजयी चिन्ह बनाती प्रधान पद की उम्मीदवार रंजना रापड़िया। फोटो : हरिभूमि

### वकीलों की हो रही पौ बारह

चुनाव को देखते हुए आजकल बार एसोसिएशन महम के वकीलों की पौ बारह हो रही है। क्योंकि विभिन्न पदों के उम्मीदवार वकीलों की खूब खातिरदारी कर रहे हैं और मान मनोव्वल का दौर जारी है। हालांकि प्रदीप ढाका महम बार के कई बार प्रधान रह चुके हैं और रविशंकर सोनी भी निवर्तमान प्रधान हैं। रवि शंकर सोनी प्रदीप ढाका पैनल से ही प्रधान बने थे। लेकिन अब उनकी भी वकीलों में अच्छी खासी पैठ बन गई है और उन्होंने प्रदीप ढाका पैनल के पसीने छुड़ा रखे हैं। महम बार एसोसिएशन के चुनाव में अक्सर सर्वसम्मति से प्रधान बनते रहे हैं। चुनाव भी हुए हैं, तो पहले से ही पता होता था कि फलां उम्मीदवार की जीत निश्चित है। लेकिन इस बार के चुनाव में यह कहना मुश्किल है कि किसका पलड़ा भारी है। महम उपमंडल कोर्ट से संबंधित 383 वकीलों की बार एसोसिएशन का चुनाव में प्रत्याशियों को जिला बार एसोसिएशन चुनाव से भी ज्यादा जोर लगाना पड़ रहा है।